हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 16 दिसंबर 2025

04 कुबेरेश्वर धाम में आगामी शिव महापुराण कथा की...



07 मामला शिक्षा विभाग में हुए घोटाले का: 5 साल में नहीं ...






## खबर संक्षेप

### जल निगम के अधिकारियों ने जब्त किए अवैध मोटर पंप



**सीहोर।** जल निगम के अधिकारियों द्वारा मरदानपुर ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत भैरूंदा जनपद के ग्राम मांगरोल, ग्राम पंचायत टीकामोड अवैध मोटर पंप जब्ती की कार्यवाही की गई। ग्राम मांगरोल में कुछ उपभोक्तओं द्वारा अवैध मोटर पंप का उपयोग करके पानी लिया जा रहा था। इसके साथ ही गांव में अवैध रूप से पेयजल पाइपलाइन में छेद करके कनेक्शन कर लिए गए थे, जिससे ग्राम की जलप्रदाय व्यवस्था बाधित हो रही थी। इसी पर कार्रवाई करते हुए मोटर पम्प की जब्ती की गई है। विभाग के अधिकारियों ने बताया इस प्रकार की कार्रवाहियां निरंतर जारी हैं, ताकि परियोजना के सभी गांवों में सुचारू रूप से जलप्रदाय किया जा सके।

### जाति प्रमाण पत्र आवेदन के साथ समग्र आईडी अनिवार्य

**सीहोर।** लोक सेवा गारंटी के माध्यम से जाति प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए अब आवेदन की या परिवार की समग्र आई.डी.होना अनिवार्य किया गया है। जिले की तहसीलों में स्थापित लोक सेवा गारंटी केंद्र पर जाति के आवेदन क्रमशः अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति पिछडे.वर्ग, विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ के मैन्युअल जाति के आवेदन मैन्युअल अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति मैन्युअल अन्य पिछडे वर्ग मैन्युअल विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ ब्लड रिलेशन जाति के आवेदन ब्लड रिलेशन अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति ब्लड रिलेशन अन्य पिछडे.वर्ग तथा ब्लड रिलेशन विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ पोर्टल पर लाइव कर दिया गया है।

### 5 रुपए में नवीन विद्युत कनेक्शन

**सीहोर।** विद्युत वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को अब मात्र 5 रुपये में नवीन घरेलू कनेक्शन उपलब्ध कराना शुरू कर दिया है। कंपनी ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले उपभोक्ताओं को अब केवल 5 रूपये में नवीन विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। यह नया घरेलू कनेक्शन उन लोगों को मिलेगा जो कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के घरेलू फीडर से नियमानुसार कनेक्शन लेने की पात्रता रखते हैं।

### पेन ड्राइव पड़ताल के बाद आगे की कार्रवाई तय करेगी पुलिस

# पेन ड्राइव खोलेगी राज, प्रबंधन ने पुलिस को सौंपा तोड़फोड़ से पहले का डेटा

आष्टा एसडीओपी आकाश अमलकर ने बताया कि वीआईटी प्रबंधन द्वारा फुटेज की पेन ड्राइव दी गई है, जिसकी जांच की जा रही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




कोठरी स्थित वीआईटी यूनिवर्सिटी में छात्रा की मौत के बाद हुए उपद्रव का मामला अब पुलिस जांच के केंद्र में आ गया है। यूनिवर्सिटी प्रबंधन ने पुलिस को सीसीटीवी फुटेज से भरी एक पेन ड्राइव सौंपी है, जिसमें तोडफ़ोड़ और आगजनी से ठीक पहले का अहम डेटा मौजूद होने का दावा किया जा रहा है।

आष्टा एसडीओपी आकाश अमलकर ने बताया कि वीआईटी प्रबंधन द्वारा फुटेज की पेन ड्राइव दी गई है, जिसकी जांच की जा रही है। जांच-पड़ताल के बाद उपद्रव में शामिल छात्रों के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जाएगी। बता दें वीआईटी प्रबंधन ने तोडफ़ोड़ करने वाले अज्ञात छात्रों के खिलाफ पहले ही एफआईआर दर्ज करा रखी है। पुलिस को सौंपी गई यह पेन ड्राइव अब इन उपद्रवी छात्रों की मुसीबत बढ़ा सकती है। फुटेज की जांच से उन छात्रों की पहचान होगी जिन्होंने विरोध प्रदर्शन के दौरान एक एम्बुलेंस, बस, तीन कारों को जलाया और सीसीटीवी सिस्टम तथा लैब कॉम्प्लेक्स में तोडफ़ोड़ की थी।

#### विधानसभा में गूंजा था मामला

वीआईटी का यह गंभीर मामला मध्यप्रदेश विधानसभा में ध्यानाकर्षण सूचना के जरिए गूंजा था। कांग्रेस विधायकों ने आरोप लगाया था कि प्रबंधन की लापरवाही से 300 से अधिक विद्यार्थी पीलिया जैसी बीमारियों का शिकार हुए। जवाब में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने सदन को बताया था कि हॉस्टल वार्डन प्रशांत कुमार पांडे एवं अन्य के विरुद्ध मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने माना था कि जांच में लिए गए 18 में से 4 पेयजल सैंपल दूषित पाए गए हैं, जिस पर विश्वविद्यालय को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

#### वीआईटी प्रबंधन ने आरोपों को नकारा

राज्य सरकार के शो-कॉज नोटिस के जवाब में वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी प्रशासन ने 49 पन्नों का जवाब भेजकर सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। प्रबंधन ने अपने बचाव में कहा कि आरोप भ्रमजनक, तथ्यहीन हैं और छात्र विरोध-प्रदर्शन फर्जी खबरों और सोशल मीडिया की अफवाहों से प्रेरित था। प्रबंधन ने कैंपस में उन्नत भोजन,पानी की गुणवत्ता नियंत्रण और 24 घंटे मेडिकल सुविधा उपलब्ध होने का दावा किया। उन्होंने सरकार से नोटिस वापस लिए जाने की मांग की है। इधर अब सबकी निगाहें पुलिस जांच पर टिकी हैं, जो पेन ड्राइव में कैद डेटा के आधार पर आगे की कार्रवाई तय करेगी।

#### ऐसे हुई थी विवाद की शुरुआत

- इस पूरे विवाद की शुरुआत 24 नवंबर को 19 वर्षीय छात्रा नेहा साहुकार की सेप्टिक शॉक (गंभीर टीबी) से मौत होने के बाद हुई।
- 26 नवंबर को छात्रा की मौत की खबर सामने आने पर छात्रों ने हॉस्टल अव्यवस्था, घटिया भोजन और खराब मेडिकल सुविधाओं को लेकर विरोध प्रदर्शन शुरू किया।
- 26/27 नवंबर की रात गुस्साए 4000 छात्रों ने कैंपस में उग्र तोड़फोड़ और आगजनी की घटना को अंजाम दिया।
- 27/29 नवंबर को पीएचई रिपोर्ट में 4 पानी के सैंपलों में हानिकारक ई. कोली बैक्टीरिया पाया गया था।

### कड़ाके की ठंड, पारा 5 डिग्री पर पहुंचा

## कोहरे से विजिबिलिटी 10 मीटर पर आई, मावठे के आसार और गिरेगा तापमान



**सीहोर।** जिले में सोमवार को कड़ाके की ठंड रही। सुबह से ही घना कोहरा छाया रहा, जिससे विजिबिलिटी (दृश्यता) घटकर महज 10 मीटर रह गई। जिले का न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले कुछ दिनों से रात का पारा लगातार 10 डिग्री से नीचे बना हुआ है।

#### पहाड़ों पर बर्फबारी से बढ़ी ठिठुरन

मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस.एस. तोमर ने बताया कि हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में पश्चिमी विक्षोभ के कारण बर्फबारी हो रही है। वहां से आ रही सर्द हवाओं के कारण मध्य प्रदेश में तापमान गिर रहा है। उन्होंने मावठे (शीतकालीन वर्षा) की संभावना भी जताई है। बारिश के बाद तापमान में और गिरावट आ सकती है।

#### 15 दिन में दूसरी बार 5 डिग्री पर आया पारा

जिले में ठंड का असर लगातार बढ़ रहा है। 1 दिसंबर को न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री था, जो 15 दिसंबर को घटकर 5 डिग्री पर आ गया।

इससे पहले 11 दिसंबर को भी पारा 5 डिग्री दर्ज किया गया था। वहीं, 6 और 7 दिसंबर को तापमान 5.3 डिग्री रहा था। लगातार गिरते तापमान ने लोगों की धूजणी छुड़ा दी है।

## 4 जुआरी गिरफ्तार, देहरी के जंगल से 7390 रुपए और 3 बाइक जब्त



**सीहोर।** पुलिस ने अवैध जुए के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चार जुआरियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई अहमदपुर थाना क्षेत्र के देहरी के जंगल पारुआ के पास की गई, जहां से पुलिस ने 7390 रुपए नकद और तीन मोटरसाइकिलें जब्त की हैं।

पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देश पर जिले में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पूजा शर्मा के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई।

थाना प्रभारी अहमदपुर हेमंत पाण्डेय को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम बरखेड़ा हसन में देहरी के जंगल पारुआ के पास कुछ लोग ताश के पत्तों पर रुपयों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर दबिश दी। पुलिस ने मौके से सुमित शर्मा (32), अनिल लोधी (26), हेमसिंह (38) और अनिल गुर्जर (22) को जुआ खेलते हुए पकड़ा। ये सभी ग्राम बरखेड़ा हसन के निवासी हैं। पुलिस टीम ने जुआरियों के पास से कुल 7390 रुपए नकद और लगभग 85000 रुपए कीमत की तीन मोटरसाइकिलें जब्त कीं।

जब्त किए गए कुल सामान की कीमत 92390 रुपए बताई गई है। सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।

### सुबह बाल विहार मैदान रोड पर लग रहा जाम

**सीहोर।** बाल विहार मैदान के पास वाली सड़क पर हर सुबह जाम लगने लगा है। मजदूर वर्ग के लोग यहां सुबह जमा होते हैं। निर्माण कार्यों के लिए लोग इन्हें लेने आते हैं। मजदूरी तय करने का काम सड़क पर ही होता है। इससे रास्ता बंद हो जाता है। वाहन चालकों को निकलना मुश्किल हो जाता है। लोग बाइक और चार पहिया वाहन भी सड़क पर खड़े कर देते हैं। इससे जाम और बढ़ जाता है। यातायात पुलिस ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।

### आरोपी फरार, पहले भी दर्ज हैं केस

# 4.73 लाख की अवैध शराब जब्त शाहगंज पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी



सीहोर जिले में अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। शाहगंज पुलिस ने रविवार को लगभग पौने पांच लाख रुपए की अवैध शराब जब्त की।

मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर, शाहगंज थाना प्रभारी दिनेश चौहान की टीम ने मछवाई स्थित विपिन चौहान के घर पर दबिश दी। घर में बने पानी के टैंक से देशी और अंग्रेजी शराब की कुल 73 पेटियां बरामद की गईं। जब्त की गई शराब की कुल मात्रा 679 लीटर 860 मिलीलीटर है, जिसकी अनुमानित कीमत 4,73,390 रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी विपिन पिता बारेलाल चौहान, निवासी मछवाई के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी विपिन चौहान के खिलाफ वर्ष 2020 में भी इसी धारा के तहत एक अपराध दर्ज किया गया था। पुलिस फिलहाल फरार आरोपी की तलाश कर रही है। इसके अतिरिक्त, बुदनी पुलिस ने भी अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो ढाबों से शराब जब्त की। बाबूजी ढाबा से लगभग 42.45 लीटर और मिल्की ढाबा से 26.86 लीटर अवैध शराब बरामद की गई। थाना रेहटी ने ग्राम सोयत में संतोष पिता सुनेरीलाल से 22 क्वार्टर और ग्राम माथनी में सुनील पिता मदन नगर से 18 क्वार्टर अवैध शराब जब्त की।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 812. कु. रुचिका शर्मा पिता\पति निरिश कुमार शर्मा पता- मेकाहारा रायपुर, 813. दीपक बावने पिता\पति श्याम बावने पता- प्रोफेसर कॉलोनी रायपुर, 814. पल्लवी सिन्हा पिता\पति योगेश सिन्हा पता- कुशालपुर रायपुर, 815. कौशल्या तिवारी पिता\पति स्व.श्री रामेश्वर प्रसाद तिवारी पता- आमापारा रायपुर, 816. सरिता पाल पिता\पति बिरबल पाल पता- संतोषी नगर रायपुर, 817. आरव रात्रे पिता\पति रामेश्वर रात्रे पता- सड्डू रायपुर, 818. ब्यास नारायण वर्मा पिता\पति स्व.राम लाल वर्मा पता- चंगोरा भाटा रायपुर, 819. अराफत खान पिता\पति अफसर खान पता- देवी सरस्वती नर्सिंग होम बीएसयूपी सद्दू कॉलोनी, 820. अनामिका देवांगन पिता\पति पोषण कुमार देवांगन पता- संतोषी नगर प्रगति विहार कॉलोनी टिकरापारा, 821. राजेश कुमार यादव पिता\पति स्व. श्याम कुमार यादव पता- मठपारा गणेश चौक रायपुर, 822. मनोरमा तारक पिता\पति ग्वाल तारक पता- तर्रा सुरसाबांधा, 823. परमेश्वर साहू पिता\पति गया राम साहू पता- रांकाडीह, 824. संगीता नागदेव पिता\पति प्रीतम दास पता- नयापारा वार्ड न.32 बजरंग चौक धमतरी, 825. रमेश कुमार दासरवार पिता\पति शंकर स्वामी दासरवार पता- श्री नगर राधा स्वामी सत्संग रुद्री, 826. कांति साहू पिता\पति मान दास साहू पता- लक्ष्मी नगर, 827. अशोक राजपूत पिता\पति ताराचंद राजपूत पता- डोंगरगांव, 828. दिग्विजय कुमार नेताम पिता\पति शिव लाल नेताम पता- ग्राम काफामार पोस्ट गेंदाटोला तह. छुरिया, 829. वर्षाजली श्रीवास्तव पिता\पति देवेन्द्र श्रीवास्तव पता- जगदलपुर, 830. चन्द्रप्रभा कनौजे पिता\पति सीता राम कनौजे पता- महासमुंद, 831. विजय कुमार देवांगन पिता\पति खोरबाहरा देवांगन पता- सिचाई कॉलोनी कवर्धा, 832. लक्ष्मी चन्द्र पिता\पति स्व.छत्रपाल चंद्रा पता-LIG-11 H.B कॉलोनी जोराताल, 833. विनोद कुमार वर्मा पिता\पति केदार नाथ वर्मा पता- प्रगति विहार पंचशील नगर बलौदाबाजार, 834. वंशिका साहू पिता\पति डिशेन कुमार साहू पता- ग्राम भैसा जिला रायपुर, 835. सुषमा साहू पिता\पति विनोद कुमार साहू पता- रिसदा, 836. शैलेन्द्र यादव पिता\पति भोला राम यादव पता- एस.पी.अस्पताल वार्ड कोंडागांव, 837. युवराज कुमार देवांगन पिता\पति हृदय लाल देवांगन पता- प्लाट न.- 65 श्याम नगर अटल आवास के पास भिलाई, 838. मेधांश पिता\पति अनिल गंगभोज पता- वार्ड न.-01 बनगांव पंचायत समिति, 839. दामिनी साहू पिता\पति नरेन्द्र कुमार साहू पता- CONTRACTORE कॉलोनी सुपेला भिलाई, 840. अश्वनी एवस जोगे पिता\पति श्याम राव जोगे पता- 608 वार्ड 6 सिंधिया नगर दुर्ग, 841. रेणुका देवांगन पिता\पति दुलेश देवांगन पता- निकुम भिलाई दुर्ग, 842. सुषमा कुर्वे पिता\पति रमेश कुर्वे पता- S.I.F कॉलोनी L.I.G 35 बघेरा दुर्ग, 843. नारायण प्रसाद देशमुख पिता\पति एमन कुमार देशमुख पता- बमलेश्वरी कॉलोनी बोरसी, 844. शकुन पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 845. श्रवण कुमार अन्सारे पिता\पति चंद्रभान पता- 77 रामनगर सुपेला भिलाई, 846. शुभांगी देवांगन पिता\पति सतीश देवांगन पता- सड़क न.- 01 कसारीडीह दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण-** 847. तुरवी चौहान पिता/पति धनेश्वर लाल चौहान पता- कोरबा, 848. भव्या साहू पिता/पति बुधेशवर साहू पता- रायपुरा जंजगीर बालको, 849. उमेश तंबोली पिता/पति इंद्रा मार्केट पोड़िमार बालको, 850. काव्या कंवर पिता/पति सुशील कुमार पता- बालको, 851. लेविना साहू पिता/पति युगल किशोर साहू पता- धरदाई, 852. कल्पना गयाकवारड़ पिता/पति अमृत मोंडे पता- कोरबा, 853. पुष्पा यादव पिता/पति डोरी लाल यादव पता- मदरपारा, 854. कृतार्थ यादव पिता/पति दिलीप यादव पता- कोरबा, 855. चाहत दास पिता/पति निर्मल दास पता- बालको नगर, 856. ज्योति बरेठ पिता/पति यादव मोहला करिती पता- बालको, 857. आध्या श्रीवास पिता/पति नागेंद्र श्रीवास पता- निहारिका एल.ई.जी.-142, 858. विकास साहू पिता/पति फिरत राम साहू पता- संजय नगर गुप्ता गली कोरबा, 859. वीरेंद्र कुमार कुर्रे पिता/पति श्याम लाल कुर्रे पता- धमना मुड़ी, 860. गौतम पांडे पिता/पति चंद्रशेखर पांडे पता- दरदारखुर्द कोरबा, 861. राजेन्द्र कुमार सूर्यवंशी पिता/पति गुहारम सूर्यवंशी पता- परसाभाठा बालको, 862. योगेश बारीक पिता/पति भिखारी चरण बारीख पता- शारदा विहार कोरबा, 863. किशन कुमार गायकवार्ड पिता/पति देवगिरी गायकवार्ड पता- केदु विहार कोरबा, 864. दीक्षांत सिंह भारद्वाज पिता/पति रवींद्र कुमार भारद्वाज पता- होउसिंग बोर्ड बालको, 865. अंशु तिर्की पिता/पति भजन राम तिर्की पता- वार्ड- 40 नेहरू नगर बालको, 866. केशव प्रसाद यादव पिता/पति नन्द लाल यादव पता- गेवरा घाट कोरबा, 867. सोनम जैसवाल पिता/पति मनोज जैसवाल पता- नेहरू नगर बालको, 868. भगवान सिंह पिता/पति रामनरेश सिंह पता- रिंग रोड बालको, 869. मनोज कुमार श्रीवास पिता/पति जगदीश प्रसाद पता- लक्ष्मण बन तालाब नई बस्ती, **भोपाल संस्करण-** 870. मान्या प्रजापति पिता\पति रंजीत प्रजापति पता- जगदीशपुर इस्लामनगर, 871. कनक मीणा पिता\पति राजेन्द्र सिंह मीणा पता- 45 जय नगर कॉलोनी, 872. युवांश बैरागी पता- राम मंदिर के पास करोद भोपाल, 873. रवि साहु पिता\पति मदनलाल साहु पता- मकान नं 53 कपिला नगर करोद, 874. वेदांश यादव पिता\पति सुरेन्द्र सिह यादव पता- मकान नं.116 फेस-2 पारस नगर करोद, 875. राम सिंह राजपूत पिता\पति- रामसिंह राजपूतबने सिंह राजपूत पता- नजीराबाद भोपाल, 876. पूजा पिता\पति सत्यदेव द्विवेदी पता- करोद भोपाल, 877. मानशी पिता\पति शंकादीन बढ़ई पता- एच.न 121 जनता नगर फेस-3 करोद, 878. दक्ष विश्वकर्मा पिता\पति प्रदीप कुमार विश्वकर्मा पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण-** 879. अर्चिता पांडेय पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- वार्ड नंबर 4 निगवानी रोड कोतमा, 880. महिमा शर्मा पिता\पति मुकेश शर्मा पता- मेंन रोड कोतमा, 881. हर्ष कुमार नामदेव पिता\पति अखिलेश नामदेव पता- विकास नगर वार्ड नंबर 10 कोतमा, 882. अनुराग चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मझौली वार्ड नंबर 16 पंडित मोहल्ला कोतमा, 883. प्राजली चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मेंन रोड कोतमा, 884. अक्षय गौतम पिता\पति जितेंद्र कुमार गौतम पता- विकास नगर वार्ड क्रमांक 9 कोतमा, 885. अनुमति नायक पिता\पति वीरेंद्र नायक पता- पाटन, 886. रिद्धि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- शिवनगर वार्ड नंबर 90 गढ़ा जबलपुर, 887. अरुण कुमार दुबे पिता\पति स्व बैजनाथ पता- दुबे 362 दुर्गा कॉलोनी घमापुर, 888. अर्पित जैन पिता\पति ऋषभ कुमार जैन पता- जगमोहन दास वार्ड कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

**खबर संक्षेप**



### अखिल भारतीय स्तरीय ज्योतिष सम्मेलन में कुणाल व्यास का सम्मान

**सीहोर।** शहर के युवा ज्योतिष आचार्य कुणाल व्यास का अखिल भारतीय स्तरीय ज्योतिष सम्मेलन में सम्मान किया गया। इस मौके पर नृसिंह लक्ष्मी ज्योतिष अनुष्ठान केन्द्र, जिला संस्कार मंच सहित विप्रजनों ने पंडित श्री व्यास को बधाई दी है। इस संबंध में युवा ज्योतिष पंडित श्री व्यास ने बताया कि प्रदेश के कुरावर में श्री गणेश ज्योतिष अनुसंधान एवं परामर्श केन्द्र दशम, अखिल भारतीय ज्योतिष वास्तु एवं तंत्र महासम्मेलन का आयोजन किया गया था। इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त ज्योतिषाचार्य लखमी चंद्र चौधरी आदि की मौजूदगी में भव्य आयोजन किया गया। इसमें देश भर के ज्योतिष आदि पहुंचे थे।

### सीहोर ने दो दिवसीय क्रिकेट मैच में राजगढ़ को हराया

**सीहोर।** डीसीए सीहोर की टीम लगातार जीत दर्ज कर रही है, पहले विदिशा, रायसेन और राजगढ़ को हराने के बाद दो दिवसीय फाइनल मैच में राजगढ से बढ़त हासिल कर जीत दर्ज की। इस मैच में सक्षम त्यागी ने 118 रन बनाए थे, वहीं दीपेश सेन और नवनीत सोनी ने तीन-ती विकेट लिए। टीम की फाइनल मैच जीत पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विधायक सुदेश राय, सचिव अतुल तिवारी, वीरु वर्मा, कोच अक्षय दुबाने ने बधाई दी है।
डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि राजगढ की पहली पारी 21.4 ओवर में 58 रन पर सिमट गई, इसमें विनायक ने 26 रन की पारी खेली, इधर सीहोर की ओर से गेंदबाजी करते हुए दीपेश सेन-नवनीत सोनी ने तीन-तीन विकेट, सक्षम त्यागी ने दो विकेट और हार्दिक-केशवादित्य ने एक-एक विकेट हासिल किया। सीहोर ने 87.3 ओवर में 10 विकेट खोकर 298 रन बनाए थे, इसमें सक्षम त्यागी ने 118 रन, दीपेश सेन ने 72 रन, अंश गावा ने 36 रन, निर्मल मेवाड़ा ने 31 रन और नवनीत सोनी ने 17 रन बनाए थे।

### नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का प्रिंस राठौर ने किया स्वागत



**सीहोर।** भारतीय जानता युवा मोर्चा जिला कार्यालय मंत्री प्रिंस राठौर ने अपने साथियों के साथ भोपाल प्रदेश कार्यालय पहुँच कर नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर जी का आत्मीय स्वागत कर शुभकामनाएँ प्रेषित की वर्तमान मे प्रिंस युवा मोर्चा जिला कार्यालय मंत्री के पद पर है और जिले एवं शहर की राजनीति मैं काफ़ी लंबे समय से सक्रिय है स्वागत करने मैं साथ ही निलेश राठौड़ हर्ष राजपूत सुरेंद्र सोनी अर्पण सोनी अन्य साथी साथ थे।

## टीएल बैठक : कलेक्टर ने भावांतर योजना के तहत सोयाबीन खरीदी की सतत निगरानी के दिए निर्देश

# कुबेरेश्वर धाम में आगामी शिव महापुराण कथा की व्यवस्थाओं के संबंध में कलेक्टर ने दिए निर्देश

### कलेक्टर ने कड़ाके की ठंड को देखते हुए अलाव की व्यवस्था करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी विभागों के समय-सीमा वाले प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और समय सीमा के भीतर सभी प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें प्राथमिकता से बंद कराई जाएं। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, रविन्द्र परमार, एसडीएम तन्मय वर्मा, स्वाति मिश्रा, सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।



#### भावांतर योजना के तहत सोयाबीन खरीदी की सतत निगरानी करने का कहा

बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने भावान्तर भुगतान योजना के अंतर्गत मंडियों में की जा रही सोयाबीन खरीदी के संबंध में नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मंडियों का नियमित निरीक्षण एवं खरीदी कार्य की सतत समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि किसानों द्वारा विक्रय की गई सोयाबीन का भुगतान समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाए कि सोयाबीन की रिसाइक्लिंग न हो सके। इसके साथ ही मंडी परिसरों में व्यापारियों के स्टॉक का नियमित रूप से सत्यापन किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि किसी मंडी में सोयाबीन की आवक अनुमान से अधिक प्रतीत होती है तो उसकी गहन जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए, ताकि योजना का लाभ वास्तविक किसानों को ही मिले। बैठक में अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि जिले में अब तक 66 हजार 263 किसानों ने 14 लाख 2 हजार 58 क्विंटल सोयाबीन मंडियों में विक्रय किया है। कलेक्टर ने भावांतर योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सतर्कता और पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए।

#### धान खरीदी को लेकर कलेक्टर ने दिए निर्देश

बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि जिले में धान खरीदी सुचारू रूप से संचालित करने के लिए सभी खरीदी केंद्रों पर व्यवस्थाएं बनी रहें। जहां आवक अधिक हो वहां तौल कांटे और हम्मालों की अतिरिक्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कलेक्टर ने कहा कि मंडी परिसरों के आसपास ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लंबी कतारें न लगे, इसके लिए प्रभावी प्रबंधन किया जाए। साथ ही किसानों से खरीदे गए धान का भुगतान शीघ्रता से उनके खातों में कराया जाए, ताकि उन्हें आर्थिक परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक में अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि अब तक 470 किसानों से 4647 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है।

#### भीड़ प्रबंधन से लेकर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित करें

कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि आगामी फरवरी माह में कुबेरश्वर धाम में आयोजित होने वाली शिवमहापुराण कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना है। इसे दृष्टिगत रखते हुए उन्होंने भीड़ प्रबंधन से लेकर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सर्वोपरि रहे। पार्किंग व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पेयजल, स्वच्छता, विद्युत, स्वास्थ्य सेवाएं एवं आपातकालीन व्यवस्थाओं को लेकर पूर्व से ही ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने संबंधित विभागों के बीच समन्वय बनाकर व्यवस्थाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर दिया।

#### कड़ाके की ठंड को देखते हुए अलाव की व्यवस्था के निर्देश

कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले के सभी नगरीय निकायों एवं बड़ी ग्राम पंचायतों को निर्देश दिए हैं कि कड़ाके की ठंड को ध्यान में रखते हुए सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की समुचित व्यवस्था की जाए। इससे निराश्रित लोगों, जरूरतमंदों एवं यात्रियों को ठंड से राहत मिल सकेगी। कलेक्टर ने कहा कि बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, प्रमुख चौराहों, बाजार क्षेत्रों एवं अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही अलाव के लिए पर्याप्त ईंधन की उपलब्धता बनाए रखी जाए, ताकि पूरी रात और सुबह के समय भी लोगों को सुविधा मिल सके।

#### राजस्व एवं भूमि संबंधी कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

कलेक्टर बालागुरू के. ने टीएल बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि वन ग्रामों से राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन की कार्यवाही में तेजी लाई जाए। इसके साथ ही वनाधिकार पट्टों तथा सामुदायिक दावों से संबंधित लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने जिले में संचालित रेल परियोजनाओं एवं नेशनल हाइवे के लिए अधिग्रहित भूमि के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिग्रहित भूमि का संबंधित विभागों को शीघ्र हस्तांतरण किया जाए तथा जिन किसानों की भूमि अधिग्रहित की गई है, उन्हें नियमानुसार मुआवजा वितरण की कार्यवाही समयबद्ध रूप से पूरी की जाए। इसके साथ ही कलेक्टर ने शासकीय प्रयोजन के लिए भूमि के चयन एवं आवंटन की प्रक्रिया भी शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर बालागुरू के. ने बैठक के दौरान खाद्य एवं कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि राशन हितग्राहियों की ई-केवाईसी, फार्मर रजिस्ट्री एवं समग्र ई-केवाईसी का कार्य प्राथमिकता से पूर्ण किया जाए। साथ ही संबल योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों के कार्ड शीघ्र बनाए जाएं, ताकि उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। कलेक्टर ने मध्यान्ह भोजन योजना (एमडीएम) के अंतर्गत आवंटित राशन का शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र हितग्राही को राशन से वंचित न रखा जाए और वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता रखी जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नियमित निगरानी और समीक्षा करने के निर्देश दिए, ताकि सभी कार्य समय-सीमा में पूर्ण हों और योजनाओं का लाभ वास्तविक हितग्राहियों तक पहुंच सके।

#### स्कूलों और हॉस्टलों का करें नियमित निरीक्षण

बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले के सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे भ्रमण के दौरान शासकीय स्कूलों एवं छात्रावासों (हॉस्टल) का नियमित निरीक्षण करें। निरीक्षण के उपरांत विस्तृत रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत की जाए, ताकि शैक्षणिक एवं आवासीय व्यवस्थाओं में सुधार किया जा सके। कलेक्टर ने कहा कि निरीक्षण के दौरान विद्यालयों एवं हॉस्टलों में मूलभूत सुविधाओं, स्वच्छता, सुरक्षा, पेयजल, विद्युत व्यवस्था तथा विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की स्थिति का गंभीरता से अवलोकन किया जाए। जहां कमियां पाई जाएं, वहां तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियमित निरीक्षण एवं रिपोर्टिंग से व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जा सकेगा और विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक एवं आवासीय वातावरण उपलब्ध कराया जा सकेगा।

## सीबीयूडी पहल से देश के शासन तंत्र में विभिन्न विभागों के बीच बढ़ेगा तालमेल : कलेक्टर

**सीहोर।** भारत सरकार के दूरसंचार विभाग भोपाल द्वारा कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में कॉल बिफोर यू डिग एप के संबंध में कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में जानकारी दी गई कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना के अनुरूप पीएम गति शक्ति के अंतर्गत बुनियादी ढांचा संपर्क परियोजनाओं की एकीकृत योजना एवं समन्वित कार्यान्वयन को मजबूती देने के उद्देश्य से 'कॉल बिफोर यू डिग' (सीबीयूडी) मोबाइल ऐप को एक प्रभावी उपकरण के रूप में विकसित किया गया है। इस ऐप का उद्देश्य अनियंत्रित खुदाई और उत्खनन के दौरान भूमिगत परिसंपत्तियों को होने वाले नुकसान को रोकना है।




सीबीयूडी एप के माध्यम से उत्खननकर्ता और भूमिगत संपत्तियों के मालिकों को एक साझा डिजिटल मंच पर जोड़ा जाएगा। यह ऐप एसएमएस, ई-मेल नोटिफिकेशन और 'क्लिक टू कॉल' जैसी सुविधाओं के जरिए समन्वय स्थापित करेगा, ताकि किसी भी उत्खनन कार्य से पहले संबंधित विभागों को सूचना मिल सके और भूमिगत परिसंपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इससे देशभर में उत्खनन की बेहतर योजना बनाना संभव होगा।

कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि सीबीयूडी पहल से देश के शासन तंत्र में विभिन्न विभागों के बीच तालमेल बढ़ेगा। यह पहल सभी हितधारकों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी। सड़क, दूरसंचार, जल आपूर्ति, गैस और बिजली जैसी आवश्यक सेवाओं में होने वाले अनावश्यक व्यवधान कम होंगे, जिससे संभावित व्यावसायिक नुकसान से बचाव होगा और आम नागरिकों को होने वाली असुविधा में भी कमी आएगी। इस प्रकार, 'कॉल बिफोर यू डिग' ऐप न केवल बुनियादी ढांचे की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा, बल्कि पीएम गति शक्ति के लक्ष्यों को साकार करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यशाला में दूरसंचार विभाग भोपाल के एडीजी ग्रामीण नीलेश कुमार वर्मा ने पीपीटी के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी।

#### नियमित की जाती है मोबाइल टावरों के रेडिएशन स्तर की जांच

कार्यशाला में मोबाइल टावरों से निकलने वाले रेडिएशन के संबंध में जानकारी दी गई की मोबाइल टावरों से निकलने वाला रेडिएशन नॉन-आयोनाइजिंग (Non&Ionizing) प्रकृति का होता है। निर्धारित मानकों के भीतर रहने पर यह मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक नहीं माना जाता, क्योंकि इस प्रकार का रेडिएशन शरीर की कोशिकाओं को सीधे नुकसान पहुंचाने में सक्षम नहीं होता। कार्यशाला में बताया गया कि मोबाइल टावरों से निकलने वाले रेडिएशन के स्तर की नियमित रूप से जांच की जाती है। भारत में लागू मानक अंतरराष्ट्रीय मानकों की तुलना में लगभग 10 गुना अधिक सख्त हैं, जिससे नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। दूरसंचार विभाग भोपाल के एडीईटी शुभम यादव ने बताया कि सरकार द्वारा बनाए गए सख्त नियमों और निरंतर निगरानी के चलते मोबाइल टावरों से निकलने वाले रेडिएशन को सुरक्षित सीमा में रखा जा रहा है।

### खराब तथा जले ट्रांसफार्मर की शिकायत 1912 पर करें

**सीहोर।** विद्युत वितरण कंपनी के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ता कॉल सेंटर 1912 पर खराब तथा जले वितरण ट्रांसफार्मर की शिकायत करके उसका समाधान प्राप्त कर सकते हैं। विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक ने कहा है कि कंपनी निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाओं के लिए हमेशा तत्पर है। शहरी अथवा ग्रामीण उपभोक्ता 1912 का उपयोग कर मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की त्वरित सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं।


### हेपेटाइटिस बीमारी से बचाव के लिए वैक्सीन जरूरी

**सीहोर।** हेपेटाइटिस लीवर से जुड़ी बीमारी जो वायरल इंफेक्शन के कारण होती है। इस बीमारी में लीवर में सूजन आ जाती है, हेपेटाइटिस में पांच प्रकार के वायरस होते है जिसमें हेपेटाइटिस ए.बी.सी.डी और ई इन पांचों वायरस को गंभीरता से लेना चाहिये। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि आस-पास साफ-सफाई और हाइजिन प्रोटोकाल का पालन करके इस बीमारी को कमतर किया जा सकता है। इसके साथ ही जन्म के बाद बच्चों को हेपेटाइटिस की वैक्सीन लगाया जाना चाहिए। क्योंकि इनके कारण हेपेटाइटिस महामारी जैसी बनती जा रही है और हर साल इसकी वजह से होने वाली मृत्यु के आंकड़े भी बढ़ते जा रहें है। हेपेटाइटिस का टाइप बी और सी लाखों लोगों में क्रोनिक बीमारी का कारण बन रहें है।

## अनुशासन व स्वच्छता पर बाल कैबिनेट का फोकस सांदीपनि विद्यालय में हुई महत्वपूर्ण बैठक

**भैरूंदा।** सांदीपनि विद्यालय, भैरूंदा में सोमवार को प्रभारी शिक्षक बलवान सिंह सोलंकी के मार्गदर्शन में बाल कैबिनेट की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता छात्र परिषद अध्यक्ष रोशन यादव ने की, जिसमें विद्यालय के सभी कक्षा प्रतिनिधियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

बैठक में विद्यालय में अनुशासन, स्वच्छता और नियमितता बनाए रखने को लेकर गहन चर्चा की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सभी विद्यार्थी समय पर प्रार्थना सभा में उपस्थित रहेंगे तथा साफ-सुथरी पूरी यूनिफार्म, आई-कार्ड एवं ब्लैक शूज़ पहनकर विद्यालय आएँगे। मध्याह्न भोजन के समय स्वच्छता बनाए रखने और मर्यादित व्यवहार करने पर भी विशेष जोर दिया गया।




इसके अतिरिक्त निर्णय लिया गया कि प्रत्येक कक्षा प्रतिनिधि अपनी कक्षा के अनुपस्थित विद्यार्थियों की जानकारी संबंधित शिक्षकों को देगा तथा आवश्यकता पड़ने पर अपने सहपाठी विद्यार्थियों को पढ़ाई में सहयोग करेगा। बाल कैबिनेट के इन निर्णयों से विद्यालय का शैक्षणिक वातावरण और अनुशासनात्मक व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होने की उम्मीद जताई गई।

## बोरी बंधान: पानी की बर्बादी रोकना आज की सबसे बड़ी जरूरत

**बुधनी** । जल संवर्धन अभियान अंतर्गत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड बुधनी के ग्राम बोरी में गुरुबाबा नाले पर बोरी बंधान किया गया, इस अभियान में ब्लॉक समन्वयक इंदर निकुम, नवांकुर संस्था ग्राम बोरी सोशल वेल्फेयर सोसायटी से रूपेश पुरी गोस्वामी, पलक गुप्ता, प्रस्फुटन समिति नयागांव से देवेंद्र लोधा, सुरेंद्र लोवंशी आदि के द्वारा श्रमदान कर पानी रोका गया।



ब्लॉक समन्वयक द्वारा कहा गया कि पृथ्वी पर केवल एक प्रतिशत पानी ही पीने योग्य है, बाकी खारा या बर्फ के रूप में है, इसलिए पानी की बर्बादी रोकना और जल संवर्धन करना आज की सबसे बड़ी जरूरत है। सरकारें और नागरिक मिलकर जलस्त्रोतों (जैसे तालाब, नदियां, नाले) का रखरखाव करें और जागरूकता फैलाएं, ताकि पानी का संकट भविष्य में न आए।

### ग्राम बराडीकलां में लगाए शिविर में मरीजों की जांच और उपचार किया गया

# 150 की जांची आंखें, 13 का होगा मोतियाबिंद ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

वर्तमान समय में नेत्र रोग के मामले बढ़ते जा रहे है, लाइफ स्टाइल के साथ आंखों से जुड़ी समस्याएं सामने आ रही हैं। प्रारंभिक अवस्था में इसे नजरअंदाज करने की वजह से ही आंखों में इंफेक्शन, बार-बार आंखों से पानी आना और चश्मे का नंबर आदि मामले सामने आ रहे हैं। नेत्र रोग को लेकर गंभीरता रखना चाहिए। इसके लिए बैरागढ़ के अस्पताल के द्वारा पूरे जिले में नेत्र शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

सोमवार को ग्राम बराडी कला में सेवा सदन हॉस्पिटल बैरागढ़ भोपाल द्वारा नेत्र रोग की जांच एवं उपचार के लिए निशुल्क शिविर लगाया गया जिसमें सरपंच संघ जिलाध्यक्ष ऐलम सिंह दांगी ने इसका संचालन किया एवं बराडी कलां के उपाध्याय परिवार एवं त्रिपाठी का इसमें विशेष सहयोग रहा जिसमें 150 लोगों की निशुल्क जांच की गई एवं 13 लोगों को ऑपरेशन के लिए ले जाया गया एवं 15 लोगों को चश्मा वितरण किया।



जिलाध्यक्ष दांगी ने कहाकि यहां पर आए नेत्र विशेषज्ञों के द्वारा शिविर में आने वाले बड़ी संख्या में मरीजों की जांच और उपचार किया गया था शिविर में करीब 150 रोगियों की नेत्रों की जांच करने के साथ ही 13 का ऑपरेशन के लिए चयन किया गया है।

## सीहोर की ओर से पियुष ने तीन और दीपक ने किया एक गोल

**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर मध्यप्रदेश फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में खेली जा रही एमपीपीएल फुटबाल प्रतियोगिता के 44 वें मैच में रविवार को सीहोर बिल्डअप टीम ने एक तरफा मुकाबले में बड़वानी को 4-1 के अंतर से हराया।

इस मैच में पियुष थापा ने तीन गोल किए। एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया ने बताया कि रविवार को दोपहर में हुए मैच में दोनों ही टीम मध्यांतर 0-0 पर थी, लेकिन मैच के 60 वें मिनिट पर सीहोर की ओर से खेल रहे स्ट्राइकर पियुष थापा ने गोल किया। जिसके बाद बडवानी की टीम कमजोर नजर आई।

इस प्रकार सीहोर की ओर से पियुष थापा ने तीन गोल, दीपक ने एक गोल किया, वहीं बढवानी टीम की ओर से एक मात्र गोल करण ने किया मैच के दौरान मैच के पर्यवेक्षक राम सिंह तोमर, मनोज दीक्षित मामा, शरद सिलावट, गौरव पाचव और स्वीनानंद, अनंद उपाध्याय, कमलेश अग्रवाल, दीपक गुरुवानी, अरुण राठौर, दीपक बाथम, मधुर विजयवर्गीय आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH






## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

### पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

ऑफिस आने पर मात्र ₹ 101/- फोन से परामर्श केवल ₹ 251/-

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

**जब कही ना हों काम, तो हमसे लें समाधान**



**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है



- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

**पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)**

मिलने का समय : सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक

संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +91 9755964567

## खबर संक्षेप

### महिलाओं ने निकाली पैदल यात्रा

**सीहोर।** एकादशी के अवसर पर जिला मुख्यालय से 7 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम थूना कला की महिलाओं ने ग्राम की सुख समृद्धि एवं खुशहाली के लिए ग्राम थूना कला से सीहोर चाणक्यपुरी स्थित खाटू श्याम मंदिर तक संगीतमय डीजे की धुन पर पैदल निशान यात्रा निकाली। इस पैदल निशांत यात्रा में ग्राम की महिलाओं ने ग्राम थूना कला के प्राचीन श्री हनुमान मंदिर एवं श्री गणेश मंदिर से यह निशान यात्रा प्रारंभ होकर सीहोर चाणक्यपुरी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर पहुंची जहां पर महिलाओं ने बाबा श्याम जी के श्री चरणों में गांव की सुख शांति एवं समृद्धि के लिए निशान भेंट किया। श्री हनुमान मंदिर के पुजारी श्री रमेश चंद्र उपाध्याय जी ने बताया कि हमारे ग्राम थूना कला की माता बहनों ने बाबा खाटू श्याम जी की प्रेरणा से बाबा श्री खाटू श्याम जी सीहोर के लिए पैदल निशान यात्रा निकालने की इच्छा प्रकट की एवं इस निशान यात्रा के लिए महिलाओं ने स्वयं ही आपस में संग्रह निधि कर डीजे, निशांत, पताका, प्रसाद आदि की व्यवस्था की।

### जिला विकास सलाहकार समिति में आष्टा से 5 सदस्य हुए शामिल

# मुख्यमंत्री विकास सलाहकार समिति के अध्यक्ष और प्राभारी मंत्री होंगी उपाध्यक्ष

आष्टा विधानसभा क्षेत्र के विधायक गोपालसिंह इंजीनियर की अनुशंसा पर घोषित हुई उक्त समिति।



**सीहोर।** जिला विकास सलाहकार समिति की कल घोषणा की गई। इस समिति में पूरे जिले से 20 सदस्यो को शामिल किया गया है। मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव इस समिति के अध्यक्ष एवं सीहोर जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर को समिति की उपाध्यक्ष बनाया गया है। घोषित उक्त समिति में आष्टा विधानसभा क्षेत्र के विधायक गोपालसिंह इंजीनियर की अनुशंसा पर समाजसेवी वर्ग से पूर्व जिला अध्यक्ष ललित नागौरी, चिकित्सा क्षेत्र से सेवानिवृत्त हृदयरोग विशेषज्ञ डॉ हीरा दलोद्रिया,उन्नतशील कृषक वर्ग से भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष कुमेरसिंह भाटी,विधि क्षेत्र से एडवोकेट भूपेन्द्र सिंह राणा, वरिष्ठ व्यवसायी वर्ग से प्रदीप धाड़ीवाल को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। बैठक में मुख्यमंत्री की अनुपस्थिति में प्रभारी मंत्री बैठकों की अध्यक्षता करेंगी। समिति में जिले के कलेक्टर समिति के सदस्य सचिव होंगे। इसके साथ ही जिले के सभी संबंधित सांसद, विधायक, जिला मुख्यालय नगर पालिका अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष सदस्य रहेंगे। आष्टा विधानसभा क्षेत्र से शामिल सभी पांचों सदस्यो को उक्त समिति में शामिल किये जाने पर क्षेत्र में अपार उत्साह का माहौल एवं खुशी छाई है एवं सभी ने आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर का आभार व्यक्त किया।

# पूर्व नपा अध्यक्ष शैलेष वैद्य ने नगर परिषद पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

### घटिया सामग्री से हो रहा निर्माण कार्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



नगर परिषद जावर के पूर्व अध्यक्ष शैलेष कुमार वैद्य ने वर्तमान परिषद पर गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए है। पूर्व नपा अध्यक्ष शैलेष वैद्य ने कहा है कि नगर परिषद जावर मैं जितने भी विकास कार्य चल रहे हैं वहां हमारे समय के स्वीकृत विकास कार्य हैं। परंतु आज परिस्थिति यहां है कि बहुत ही घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग कर आनन फ़ानन में केवल भ्रष्टाचार करने के उद्देश्य से ही निर्माण कार्य करवाए जा रहे हैं। दुख इस बात का है कि ज़िम्मेदार अधिकारी व जन प्रतिनिधि मौन साध कर बैठे हैं। एस्टिमेट पहले से ही तैयार थे, सारी स्वीकृतियां पहले से ही थी। हमारे कार्यकाल के बाद उन सभी का पैसा आया, परंतु वर्तमान परिषद द्वारा घोर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। निर्माण कार्यों में डस्ट का उपयोग किया जा रहा है। साथ ही घटिया क्वालिटी के सीमेंट का उपयोग किया जा रहा है। जो भविष्य में बहुत बड़ा खतरा बनेगा। यदि आज भ्रष्टाचार से बन रही विकास की इस इबारत को नहीं रोका गया तो यहां आने वाले भविष्य में बहुत बड़ा खतरा बनेंगी। हो सकता है भविष्य में इन इमारतों की वजह से लोगों की जान पर भी खतरा बन सकता है। पूर्व नपा अध्यक्ष शैलेष वैद्य ने कहा कि आज जो लोग भ्रष्टाचार में लिप्त है, वक्त आने पर नगर की जनता उनसे जवाब मांगेगी। वैद्य ने कहा कि किसी भी सूरत में जावर नगर के साथ अन्याय करने वाले जावर नगर के विकास को घटिया निर्माण सामग्री से करने वाले उन सभी जन प्रतिनिधियों को एक दिन जानता की अदालत में जवाब देना होगा। यह बहुत ही दुख का विषय है कि जिन जिम्मेदार पार्षदों व जन प्रतिनिधियों को जनता नें चुना है वह आज मौन साध कर बैठे हैं। लेकिन हमने सम्पूर्ण जीवन जावर नगर की जनता के लिए समर्पित किया है और आख़िरी सांस तक जनता के लिए व उनके अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ते रहेंगे। वैद्य ने कहा कि जल्द ही उक्त संबंध में कार्रवाई की जाएगी। मेरे द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को लिखित में शिकायत की गई है यदि जरूरत पड़ी तो और भी सख्त से सख्त कदम उठाएंगे।

# वैचारिक रूप से प्रतिबद्ध स्व. भीम सिंह ठाकुर का निधन सामाजिक क्षतिः पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



स्व. भीम सिंह ठाकुर मास्साहब अंचल में प्रसिद्ध पांडव परिवार के पांच भाइयो में एक थे। जिन्होंने अपनी स्पष्ट विचारधारा और आम जन की सेवा को स्वतंत्र रुप से साध्य करने के अपने लक्ष्य की पूर्णता हेतु शासकीय शिक्षक जैसे महत्वपूर्ण पद से विरक्त होकर अंचल की सेवा मनोयोग से की। फलस्वरूप उनको सामाजिक स्वीकृति मिली। लगभग 82 वर्ष की आयु में उनके निधन से जो रिक्त स्थान हुआ है उसको भरा जाना वर्तमान में मुश्किल कार्य है। पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार ने आगे कहा कि हम सब ईश्वर से प्रार्थना करते है की उनकी आत्मा को मोक्ष मिले। उनके सुपुत्र भीष्म सिंह ठाकुर पूर्व जनपद प्रतिनिधि को उनके स्वर्गीय पिताजी जैसे बनने की शक्ति मिले। श्रद्धांजलि बैठक में इछावर ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष बलवान सिंह ठाकुर, सामाजिक कार्यकर्ता अर्जुनसिंह अजय, प्रभु प्रेमी संघ के महासचिव प्रदीप प्रगति, महेंद्रसिंह परमार मैनेजर इंडसइंड बैंक, भूपेंद्रसिंह ठाकुर आइशर, सूरजसिंह पटेल भानाखेड़ी, पांडव परिवार से अर्जुन सिंह ठाकुर, नकुल सिंह सेवा निवृत खाद्य निरीक्षक, दक्ष राज सिंह, राजवीर सिंह आदि उपस्थित थे। सभी ने स्व. भीम सिंह ठाकुर को पुष्पांजलि भी अर्पित की।

# कान्या खेड़ी तालाब से लोगों को होगा फायदाः हरीश कुमार सोनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



मध्य प्रदेश सरकार द्वारा जावर नगर परिषद में जावर नगर की जनसंख्या के अधिक होने के कारण मध्य प्रदेश सरकार द्वारा कान्या खेड़ी तालाब से पानी पाइप लाइन द्वारा जावर नगर के हर घर तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। पाइपलाइन का कार्य लगभग पूर्ण होने की ओर है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी हरीश कुमार सोनी, पार्षद वीरेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया गया। संबंधित ठेकेदार को कहा गया कि बचा हुआ काम गर्मी से पहले ही हो जाना चाहिए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा ठेकेदार को कहा गया कि फिल्टर प्लांट एवं तीनों पानी की टंकियां गुणवत्ता सहित बने ताकि लोगों को जल्दी से जल्दी पानी उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर है हेमंत परिहार, संबंधित ठेकेदार अड्डू भाई उपस्थित थे।

# राजश्री कॉलेज के छात्र का भारतीय सेना में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



राजश्री कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीजए आष्टा के लिए यह अत्यंत गौरव का क्षण है। कॉलेज के होनहार छात्र आनंद यादव का चयन भारतीय सेना में ळक के पद पर हुआ है। आनंद की इस बड़ी सफलता पर महाविद्यालय परिवार द्वारा एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित कर उनका भव्य स्वागत किया गया। सम्मान समारोह के दौरान कॉलेज प्रबंधन और शिक्षकों ने आनंद यादव को साफा बांधकरए पुष्पमाला पहनाकर और मिठाई खिलाकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर कॉलेज के संचालक बीएस परमार ने कहा कि आनंद ने न केवल अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। बल्कि राजश्री कॉलेज का मान भी बढ़ाया है। उनकी कड़ी मेहनत और देश सेवा के प्रति जज्बा आज के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। अपनी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आनंद यादव ने कहाए ष्यह मेरे और मेरे परिवार के लिए एक सपना सच होने जैसा है। भारतीय सेना में सेवा करना मेरा लक्ष्य था। मेरी सफलता के पीछे शिक्षकों का मार्गदर्शन और निरंतर अभ्यास का बड़ा हाथ है।ष इस अवसर पर महाविद्यालय संचालक बीएस परमारए प्रभारी प्राचार्य अर्जुन परमार, मीडिया प्रभारी मनोज कमलोदिया, सविता बैरागी, राहुल सेनए रामवती मेवाड़ा, प्रहलाद मेवाड़ा, द्वारकाप्रसाद करमोदिया, पुष्पा मेवाड़ा, अखिलेश सक्सेना, पूजा परमार, पूजा मेवाड़ा, ममता तिवारी, माया मेवाड़ा, कविता भूतिया, रंजना परमार, मनोहर लाल, विनोद मीणा, बहादुर सिंह, रवि मेवाड़ा, अरविंद यादव, शिवराम परमार, रीना यादव और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। सभी ने आनंद को उनके उज्जवल भविष्य और देश सेवा के लिए शुभकामनाएं दीं।

# भारतीय संस्कृति, शास्त्र ज्ञान और नैतिक मूल्यों को बढावा देने मार्डन स्कूल में हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



संस्था मॉडर्न पब्लिक हासे स्कूल में धर्म संस्कृति परीक्षा 2025 जिसका उद्धेष्य बच्चों मे भारतीय संस्कृति, शास्त्र ज्ञान और नैतिक मुल्यों को बच्चों के जीवन में बढावा देने के लिये आयोजक संदीप सोनी एस्कॉन के मार्गदर्शन मे आयोजित की गई। जिसमें कक्षा-8वीं से कक्षा 12वीं तक के प्रथम आने वाले छात्र/छात्राओ को पुरस्कृत किया गया। कक्षा-8वीं के छात्र अनन्त अजनोदिया पिता संदीप अजनोदिया, कक्षा-9वीं के छात्र दक्ष पाठक पिता चेतन पाठक, कक्षा-10वीं के छात्र अनुज ठाकुर पिता बलवान सिंह ठाकुर, कक्षा-11वीं की छात्रा हर्षिता मितवाल पिता धीरज मितवाल इन सभी छात्र/छात्राओं ने कक्षावार प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिसके विद्यालय में श्रेष्ठ स्थान हर्षिता मितवाल का रहा। सभी छात्र/छात्राओं को एस्कॉन के द्वारा पुरस्कार वितरण किये गये। संचालक मण्डल के सभी सदस्यों शिक्षकों द्वारा शुभकामनाओं के साथ उज्जवल भविष्य की कामना की। संचालक मंडल व शाला परिवार के मार्गदर्शक एसएल परमार, केएल परमार, बीएस ठाकुर और समिति अध्यक्ष अभिषेक परमार, प्राचार्य शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, उपप्राचार्य विकास चौरसिया, बीएल मालवीय, रवि पाठक, राजेश बड़ोदिया, रजत धारवा, संदीप ठाकुर, ईशा जैन, पायल ठाकुर, पूजा ठाकुर सना अली, अपेक्षा पोरवाल, तेजू मेवाड़ा, विधि चौहान, आयुषी जैन, लक्ष्मी चौरसिया, ज्योति राजपूत, इतिका चौहान, प्रतिभा तौमर,निर्मला सारसिया, करिष्मा चौपड़ा, अंजली चौरसिया, नीता सक्सेना उपस्थित थे।

# भव्य भगवा यात्रा के बाद हुआ भंडारे का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



अयोध्या बजरंग सेना युवा मोर्चा द्वारा 7 दिसंबर को अयोध्या धाम में एक विशाल भगवा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें देशभर से प्रमुख पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। यात्रा का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ठाकुर ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष रणवीर पटेरिया, प्रदेश अध्यक्ष अमरीश राय, राष्ट्रीय संयोजक रघुनंदन शर्मा, राष्ट्रीय मंत्री रमाशंकर मिश्रा, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, गोरक्षा प्रमुख विशाल ठाकुर, संदीप पटेल कोठारी, अजय मितवाल, लखनलाल परमार तथा जिला अध्यक्ष मनजीत सिंह सहित वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष की उपस्थिति में निकाली गई इस भगवा यात्रा में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जयघोष करते हुए अयोध्या की पवित्र धरती पर वंदन किया। यात्रा के दौरान बजरंग सेना के पदाधिकारियों ने गौ माता की पुनः प्रतिष्ठा, संरक्षण और संवर्धन को लेकर देशभर में जनजागरण चलाने का संकल्प लिया। शोभायात्रा के पश्चात सभी पदाधिकारी भगवान श्रीरामलाल के दरबार पहुँचे, जहां विशेष प्रार्थना कर यह मांग रखी गई कीगौ माता को राज्य माता व राष्ट्र माता का दर्जा दिया जाए। पदाधिकारियों ने कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति, धर्म और सनातन परंपरा की आत्मा हैं। राष्ट्र की आत्मिक शक्ति और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में गौ संरक्षण की भूमिका को देखते हुए गौ माता को सर्वोच्च दर्जा मिलना समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने गौ रक्षा, गोरक्षा अभियान और सनातन संस्कृति के संरक्षण हेतु निरंतर कार्य करने का संकल्प दोहराया।

### डेंगू व मलेरिया जैसी बीमारी से बचाव जरूरी

**सीहोर।** जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में डेंगू एवं मलेरिया के नियंत्रण के लिए सतत रूप से गतिविधियां जारी है इसी क्रम में विभिन्न धार्मिक स्थलों, चौराहों, विद्यालयों आदि पर टीम के द्वारा जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि विभाग की टीम द्वारा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में छोटी-छोटी टीम के द्वारा डेंगू नियंत्रण एवं मलेरिया उन्मूलन के लिए समझाईय के साथ ही डेंगू एवं मलेरिया के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मनी प्लांट, गमले आदि की सफाई जरूरी है।

# बरखेडा हसन में देहरी के जंगल में चल रही थी जुए की फड़, पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ दोराहा/अहमदपुर



पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला द्वारा क्षेत्र में अवैध गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों की धरपकड और जुआरियों के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई हेतु लगातार अनुविभागीय अधिकारी और समस्त थाना प्रभारियों, चौकी प्रभारियों को समय –समय पर दिशा निर्देश दिये जा रहे थे। इसी अनुक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर सुनीता रावत, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सीहोर पूजा शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अहमदपुर उ.पु.अ. हेमंत पांडेय की पुलिस टीम द्वारा सुनियोजित तरीके से मुखबिर सूचना पर कार्रवाई करते हुए कुल 04 जुआरियों को पकड़ कर फड़ से कुल 7390 रुपये के पकडने में मिली बडी सफलता मिली। थाना प्रभारी अहमदपुर उ.पु.अ. हेमंत पांडेय ने बताया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बरखेडा हसन में देहरी के जंगल पारुआ के पास कुछ लोग ताश पत्तों पर रुपयों का हार जीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे है । मुखबिर सूचना पर हमराह बल को साथ लेकर मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचे। जुआ खेल रहे स्थान की फड पर एक साथ दबिश हेतु हमराह बल द्वारा दबिश देकर घेराबन्दी की गई एवं फड पर खेल रहे जुआरियों में सुमित शर्मा पिता द्वारका प्रसाद शर्मा उम्र 32 साल ग्राम बरखेड़ा हसन, अनिल लोधी पिता फुन्दी लाल लोधी उम्र 26 साल निवासी ग्राम बरखेड़ा हसन, हेमसिंह पिता प्रहलाद सिहं उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम बरखेड़ा हसन और अनिल गुर्जर पिता राधेश्याम गुर्जर उम्र 22 साल निवासी ग्राम बरखेड़ा हसन को पकडा पुलिस टीम द्वारा कुल चार जुआरियों से कुल 7390 रूपये और तीन मोटर कीमती करीब 85000 रुपये साईकल कुल मसरुका 92390 रुपये का जप्त कर जुआ एक्ट में प्रकरण कायम कर अनुसंधान में लिया गया। उक्त कार्रवाई में उ.पु.अ. हेमनंत पांडेय थाना प्रभारी अहमदपुर, आर. 694 वीरेन्द्र सिंह, आर. 264 अभिषेक मालवीय, आर. 274 विकाश, सैनिक 397 बलराम, सैनिक 360 तेज सिंह महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# वार्षिक समारोह स्पेक्ट्रा 2025 में बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




सेन थॉम पब्लिक स्कूल, बद्रीधाम नगर, ने अपना चौथा वार्षिक समारोह 'स्पेक्ट्रा' अत्यंत उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस रंगारंग कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की प्रभावशाली उपस्थिति रही, जिसने इस अवसर को सभी के लिए यादगार बना दिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रेव. थॉमस जॉन, विकार, मार थोमा चर्च एवं प्रबंधक, मार थोमा ग्रुप ऑफ स्कूल्स, इन्दौर तथा विशिष्ट अतिथि ज्योति शर्मा, आईएएस, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत देवास रहीं। अध्यक्ष सुनील थॉमस एवं निदेशिका हैंसी थॉमस द्वारा अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान और प्रकाश के प्रतीक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।इस अवसर पर शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित भी किया गया।कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत रेव. रिजू जॉन थॉमस द्वारा प्रार्थना से हुई।

इसके पश्चात नन्हे छात्र–छात्राओं ने मंच संचालन की जिम्मेदारी आत्मविश्वास के साथ संभाली और पूरे कार्यक्रम का सुचारु संचालन किया। 2½ से 9½ वर्ष की आयु के बच्चों का मंच पर ऐसा आत्मविश्वास और उत्साह दर्शनीय एवं सराहनीय था।सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत एक मनोहारी प्रार्थना नृत्य से हुई, जिसने पूरे वातावरण को शांत, दिव्य एवं उल्लासपूर्ण बना दिया। यह कार्यक्रम विद्यालय की समग्र शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है और विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान करता है।अपने संबोधन में मुख्य अतिथि रेव. थॉमस जॉन ने कहा कि बच्चे अपने माता-पिता के व्यवहार को बारीकी से देखते हैं और वही आगे चलकर उनके व्यक्तित्व का हिस्सा बन जाता है। उन्होंने अभिभावकों से अपने आचरण के प्रति सजग, जिम्मेदार और सतर्क रहने का आग्रह किया, क्योंकि यह बच्चों के संस्कारों और व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### अ.भा क्षत्रिय महासभा का स्नेह और सम्मान समारोह 16 को होगा

**देवास।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में स्नेह एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह भव्य आयोजन 16 दिसंबर 2025, मंगलवार को सायं 4 बजे से श्री महाराणा प्रताप परिसर, मक्सी रोड, देवास में आयोजित होगा। समारोह में क्षत्रिय समाज के अनेक राष्ट्रीय, प्रदेश एवं समाज के प्रतिष्ठित पदाधिकारी एवं गणमान्यजन उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में ठाकुर मलखान सिंह, भंवर परीक्षित सिंह सोलंकी (पानरवा रियासत, मेवाड़), दिलीप सिंह राणा (खीरसराय सूर्यगढ़ पैलेस, गुजरात), करिश्मा हाड़ा, ठाकुर रघुवीर सिंह बघेल (अध्यक्ष श्री महाराणा प्रताप ट्रस्ट, देवास), कुंवर जितेंद्र सिंह (राष्ट्रीय अध्यक्ष कार्यवाहक, अभा क्षत्रिय महासभा, नई दिल्ली) की उपस्थिति रहेगी। इसके साथ ही ठा. उमाशंकर सिंह कुशवाह (राष्ट्रीय अध्यक्ष), राखी परमार (प्रदेश अध्यक्ष, मध्यप्रदेश), हेमलता सिंह चौहान (महिला अध्यक्ष, राजस्थान), खुशी राठौड़ (प्रदेश उपाध्यक्ष, राजस्थान–दुबई), ठाकुर राजवीर सिंह बघेल, राजा ठाकुर एवं शक्ति सिंह चंदेल भी समारोह की शोभा बढ़ाएंगे। आयोजकों ने बताया कि यह समारोह समाज में आपसी सौहार्द, संगठनात्मक मजबूती एवं समाज के विशिष्ट व्यक्तियों के सम्मान के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।